भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1006

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-85 और राष्ट्रीय राजमार्ग-183 पर कार्य

1006 एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग-85 (आदिमाली-कुमिली) और राष्ट्रीय राजमार्ग-183 (मुंडक्यम-कुमिली) पर अब तक शुरू किए गए कार्यों की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजना को कब तक पूरा कर लिया जाएगा;

(ग) उपर्युक्त परियोजनाओं पर अनुमति प्राप्त बाइपासों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) मंत्रालय द्वारा 2019 से स्वीकृत सभी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक परियोजना के लिए कितनी धनराशि (करोड़ में) आवंटित की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क), (ख) और (घ) आदिमाली-कुमिली (रारा-185) और मुंडक्यम-कुमिली (रारा-183 का भाग) खंड पर 2019 से शुरू किए गए कार्यों का संस्वीकृत लागत के साथ ब्यौरा अनुबंध पर दिया गया है।

(ग) उपरोक्त दो (राष्ट्रीय राजमार्गों) रारा खंडों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी के लिए परामर्शी कार्य शुरू किए गए हैं। रारा-185 पर आने वाले आदिमाली, चिउरथोनी और कट्टापन्ना तथा रारा-183 पर मुंडक्यम-कुमिली खंड पर वंडीपेरियार शहरों के बाइपास मसौदा डीपीआर के भाग हैं।

अनुबंध

'राष्ट्रीय राजमार्ग-85 और राष्ट्रीय राजमार्ग-183 पर कार्य' के संबंध में एडवोकेट डीन कुरियाकोस **द्वारा दिनांक 08.02.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1006 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

आदिमाली-कुमिली (रारा-185) पर शुरू किए गए कार्यों का ब्यौरा:

क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**धनराशि (करोड़ रु. में)**	**कार्य की स्थिति**
1	वार्षिक योजना **2019-20** के तहत ईपीसी मोड पर केरल राज्य में रारा-**85 (**पुराना रारा-**49)** के किमी **194/000** से **202/000** तक सुदृढ़ीकरण और ज्यामितीय सुधार	**13.93**	पूर्ण
2	सामान्य-यातायात सुरक्षा **2022-23 -** रारा-**185-**आदिमली कुमिली सड़क-किमी **18/100 (**केरीथोड जंक्शन) के पास रिटेनिंग वॉल्स का निर्माण-सामान्य सिविल कार्य	**0.30**	स्थल ठेकेदार को हस्तांतरित किया गया
3	यातायात सुरक्षा **2023-24,** रारा-**185 -** चै. **19/075** पर पुलिया और रिटेनिंग वॉल्स का निर्माण-सामान्य सिविल कार्य	**0.38**	कार्य प्रगति में
4	ईपीसी मोड पर केरल राज्य में रारा-**185** पर **32/500** पर चेरुथोनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण	**23.83**	कार्य पूर्ण
5	ईपीसी मोड पर केरल राज्य में रारा-**185** के किमी **0/000** से **15/500** तक रिटेनिंग वॉल का सुदृढ़ीकरण और निर्माण	**47.62**	कार्य पूर्ण
6	केरल राज्य में रारा-**185** किमी **32/225** पर रिटेनिंग वॉल का सामान्य निर्माण-केरल राज्य में रारा-**185** पर किमी **32/225** पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण-सामान्य सिविल कार्य	**0.96**	कार्य पूर्ण
7	सामान्य- केरल राज्य में रारा-**185 (**आदिमाली-कुमिली) में किमी **27/550** पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण-सामान्य सिविल कार्य	**0.31**	कार्य पूर्ण
8	सामान्य- अथवा **2021-22-**रारा-**185 (**आदिमली-कुमिली) में किमी **39/975** पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य - सामान्य सिविल कार्य	**0.49**	कार्य पूर्ण
9	सामान्य-रिटेनिंग वॉल-अथवा **2021-22-** केरल राज्य में रारा-**185 (**आदिमाली-कुमिली) में किमी **24/625** पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण-सामान्य सिविल कार्य	**0.47**	कार्य पूर्ण
10	ईपीसी मोड पर केरल राज्य में रारा-**185** के किमी	**22.44**	कार्य प्रगति में

क्र. सं.	कार्य का नाम	धनराशि (करोड़ रु. में)	कार्य की स्थिति
	422/725 से **56/550 (**डिजाइन चैनेज **41/500** से **55/250)** तक सुदृढ़ीकरण और ज्यामितीय सुधार		
11	सामान्य-यातायात सुरक्षा **2022-23-**केरल राज्य में रारा-**185 (**आदिमाली से कुमिली) पर किमी **20/000** और किमी **41/500** के बीच क्रैश बैरियर की स्थापना और यातायात सुरक्षा कार्य-सामान्य सिविल कार्य	**2.00**	कार्य प्रगति में
12	सामान्य-यातायात सुरक्षा **2022-23-**केरल राज्य में रारा-**185** में चै. **56/550** से चै. **61/000** तक क्रैश बैरियर की स्थापना - सामान्य सिविल कार्य	**0.50**	कार्य प्रगति में
13	सामान्य-रारा-**185-**केरल राज्य में रारा-**185** में चै. **56/550** से चै. **61/000** तक शोल्डर सुरक्षा का कार्य-सामान्य सिविल कार्य	**0.19**	कार्य प्रगति में
	जोड़	**113.42** करोड़ रु.	

मुंडक्यम-कुमिली (रारा-183 का भाग) पर शुरू किए गए कार्यों का ब्यौरा:

क्र. सं.	कार्य का नाम	धनराशि (करोड़ रु. में)	कार्य की स्थिति
1	वार्षिक योजना **2019-20** के तहत ईपीसी मोड पर केरल राज्य में रारा-**183 (**पुराना रारा-**220)** के किमी **205/180** से **210/900** तक सुदृढ़ीकरण	**8.10**	पूर्ण
2	केरल राज्य में इडुक्की जिले के रारा-**183** पर किमी **162/240** पर **35**वें माइल ब्रिज की मरम्मत और पुनर्स्थापन	**0.97**	पूर्ण
	जोड़	**9.07** करोड़ रु.	

*****